
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 266 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
मौसम की मार



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 7.0°

71645.3

2 मोदी 14 फरवरी को करेंगे उद्घाटन

7 विशाखापत्तनम में हिटमैन बन जाते हैं रोहित

# अंतरिम बजटः ना राहत...ना बोझ

## नए संसद में पहला अंतरिम बजट पेश, टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन न करने की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को देश का अंतरिम बजट 2024 पेश किया। बजट में महिलाओं और युवाओं पर फोकस दिखा। वित्त मंत्री ने गरीबों को घर और आम लोगों को फ्री बिजली का वादा किया। वित्त मंत्री ने बजट भाषण की शुरुआत में सबसे पहले मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि हमारी सरकार गरीबों को सशक्त करने में विश्वास करती है। सरकार की योजनाओं से गरीबी कम हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए महिला, गरीब, युवा और किसान जैसी 4 जातियां है और उन पर ही फोकस है।

**हाउसिंग स्कीम लाएगी सरकारः** वित्त मंत्री ने हर गरीब को घर देने का एलान किया है। सीतारमण ने कहा कि किराए के मकानों, झुग्गियों या अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना घर खरीदने के लिए सरकार नई हाउसिंग स्कीम लाएगी।

**4 करोड़ मकानों का लक्ष्य होगा पूराः** वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 2 करोड़ घर गरीबों को सौंप चुकी है और 4 करोड़ घरों का लक्ष्य प्राप्त करने के नजदीक है। सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने 70 फीसद महिलाओं को घर देने का काम किया है।

**मेडिकल कॉलेजों का होगा विस्तारः** सीतारमण ने कहा कि सरकार मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना बना रही है। इसके लिए एक समिति का गठन किया जाएगा।

**रक्षा खर्च बढ़ाः** वित्त मंत्री ने कहा सरकार ने रक्षा खर्च को 11.1 फीसद तक बढ़ाया है, यह GDP का 3.4 फीसद होगा। **रेल होगी अपग्रेडः** वंदेभारत स्तर के 40 हजार रेल डिब्बे बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि ज्यादा भीड़ वाले रेल मार्गों के लिए 3 अलग कॉरिडोर बनाएं जाएंगे। **महिलाएं बनीं लखपतिः** वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना बनाई है और अभी तक एक करोड़ को लखपति बना दिया है।

**फ्री बिजली का एलानः** वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में एलान करते हुए कहा कि आने वाले समय में रूफटॉप सोलराइजेशन से 1 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इससे मासिक 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी।

### सर्वाइकल कैंसर के लिए टीकाकरण अभियान

सरकार सर्वाइकल कैंसर का खात्मा करने के लिए 9–14 वर्ष की लड़कियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित देगी।

### आयुष्मान भारत का विस्तार

सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के लिए आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवर का विस्तार हुआ है।



### टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बार टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पहले की तरह आयकर सीमा 7 लाख बनी रहेगी, जिससे नौकरीपेशा को कोई फायदा नहीं होगा। लेकिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक ऐसी घोषणा की है जिससे करीब एक करोड़ इनकम टैक्सपेयर्स राहत की सांस ले सकते हैं। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में बकाया टैक्स को लेकर नोटिसों को निपटाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। 1962 से 2010 तक के 25 हजार रुपये तक की और वर्ष 2011 से 2015 तक के 10 हजार रुपये की बकाया टैक्स डिमांड को माफ किया जाएगा।

### विकसित भारत की नींव रखने वाला बजट हैः नड्डा

अंतरिम बजट पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि ये एक दूरदर्शी बजट है और विकसित भारत की नींव रखता है। इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए घोषित आवास योजना एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा नहीं देते, लेकिन गरीबी हटाते भी हैं। अंतरिम बजट पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह बजट रिकॉर्ड सबसे छोटे भाषणों में से एक था। उन्होंने कहा कि बजट से कुछ नहीं निकला और हमेशा की तरह बहुत सारी बयानबाजी ही की गई। मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार अपने खर्च के लिए उधार ले रही है जो अगले साल और बढ़ने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज देंगे शपथ ग्रहण की जानकारीः झामुमो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि हम कल शपथ ग्रहण समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। सदन में हमारे पास 47 विधायकों का समर्थन है। यह बात उन्होंने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के साथ पार्टी विधायकों की मुलाकात के बाद कही। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने समर्थन करने वाले विधायकों का वीडियो भी जारी किया है।

### अंतरिम बजट गतिशील एवं विकासोन्मुखीः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भारतवासियों के लिए एक गतिशील एवं विकासोन्मुखी बजट पेश किया है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आर्थिक महाशक्ति के साथ ही विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में यह अंतरिम बजट नई गति प्रदान करेगा।

## बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी

### बजट पर बोले पीएम मोदी, कहा– 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को अंतरिम बजट पेश किया। निर्मला सीतारमण ने बजट 2024 स्पीच में टैक्सेशन में कोई बदलाव नहीं करने का प्रस्ताव दिया है। सीतारमण ने इंपोर्ट ड्यूटीज समेत डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स के लिए मौजूदा टैक्स रेट्स बनाए रखने का प्रस्ताव दिया है। अब इस बजट भाषण पर पीएम मोदी ने कहा है कि यह बजट विकसित भारत को समर्पित है।

पीएम मोदी ने इस मामले पर अपने संबोधन में कहा 'यह अंतरिम बजट समावेशी और नवोन्वेषी है। इसमें निरंतरता का भरोसा है। यह विकसित भारत के सभी 4 स्तंभों– युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त बनाएगा। यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी देता है। उन्होंने आगे कहा कि 'हम एक बड़ा लक्ष्य तय करते हैं, उसे प्राप्त करते हैं और फिर उससे भी बड़ा लक्ष्य अपने लिए तय करते हैं. गांवों और शहरों में गरीबों के लिए हमने 4 करोड़ से अधिक घर बनाए और अब हमने 2 करोड़ और घर बनाने का लक्ष्य रखा है। हमने 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इसे बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया है। मैं निर्मला जी और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 'आज जिस इनकम टैक्स की नई स्कीम की घोषणा की गई, उससे मध्यम वर्ग के एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछली सरकारों ने सामान्य मानवी के सिर पर दशकों से ये बहुत बड़ी तलवार लटका कर रखी थी। उन्होंने आगे कहा 'आज जिस इनकम टैक्स की नई स्कीम की घोषणा की गई, उससे मध्यम वर्ग के एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### किसानों के लिए हुए बड़े निर्णय

पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए भी बड़े निर्णय हुए हैं। उन्होंने कहा कि पशुओं के लिए नई योजना लाई गई है और इसी के साथ पीएम मत्स्य पालन योजना का विस्तार हुआ है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी।

## व्यास जी के तहखाने में 30 साल बाद पुजारी ने की पूजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने में जिला अदालत के आदेश के बाद बुधवार देर रात पूजा–अर्चना हुई। बृहस्पतिवार तड़के मंगला आरती भी हुई। तहखाने में 30 साल बाद दीप जले। कोर्ट का आदेश आने के बाद रात में ही तहखाने से बैरिकेडिंग हटा दी गई थीं। तड़के से ही पूजा के लिए लोग जुटने भी लगे हैं। कड़े प्रशासनिक सुरक्षा घेरे में पूजा की शुरुआत हुई।

विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्रा ने व्यासजी के तहखाने में पूजा कराई। पूजा–पाठ का अधिकार काशी विश्वनाथ ट्रस्ट को सौंपा गया है। ज्ञानवापी परिसर में शिवाराधना की अनुमति मिलते ही श्रद्धालुओं सहित शिवालयों में हर्ष जताया गया।

संस्कृत आचार्य डॉ बालकृष्ण पाठक ने कहा कि बाबा विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग से काशी क्षेत्र के सभी शिवालयों को महात्म्य और आध्यात्म की प्रेरणा मिलती है। इक्कतीस सालों बाद शिवभक्तों को पूजाधिकार मिला है। देश में इस समय सनातनी समाज के जागृति का माहौल चल रहा है।

बता दें कि व्यासजी के तहखाने में अभी आम श्रद्धालुओं का प्रवेश निषेध है। सिर्फ पुजारी को पूजापाठ के समय आने–जाने दिया जाएगा। तस्वीर में पुलिस और प्रशानिक अधिकारी दिखाई दे रहे हैं। मामले में जिलाधिकारी ने कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन किया जा रहा है। मुकदमे की अगली सुनवाई आठ फरवरी को होगी। इस बीच, वादी व प्रतिवादी पक्ष आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आस्था**

- जले दीप, पूजा–अर्चना के बाद मंगला आरती भी हुई

### परिसर के आसपास सुरक्षा कड़ी

वाराणसी कोर्ट से व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति के बाद गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## सफेद चादर में ढके उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर और हिमाचल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर सहित हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हुई बर्फबारी ने पारा गिरा दिया है। हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट के बीच तीसरे दिन भी बारिश–बर्फबारी का दौर जारी है। वहीं, लंबे ड्राई स्पैल के बाद बीत रात श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम समेत घाटी के कई इलाकों में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। उधर, उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश तो कही बर्फबारी हुई है। चारधाम में लगातार बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ धाम में लगभग डेढ़ फीट बर्फ जम चुकी है। बर्फबारी के बाद कई पर्वतीय मार्ग बंद हैं। गंगोत्री–यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे भी बर्फबारी के बाद से बंद है।

बीआरओ गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को खोलने में जुटा है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग फूल चट्टी से आगे बाधित है। एनएच की टीम मार्ग खोलने में जुटी हुई है। बर्फबारी के कारण लंबगांव मोटर मार्ग चौरंगी खाल के पास बंद हुआ है। वहीं बदरीनाथ मोटर मार्ग हनुमान चट्टी से आगे बर्फबारी के कारण अवरुद्ध है।

### बर्फबारी के बाद कई पर्वतीय मार्ग बंद

# अबू धाबी के हिंदू मंदिर की सुंदरता के कायल हुए 42 देशों के 60 प्रतिनिधि

हकीकत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे उद्घाटन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



अबू धाबी। पीएम मोदी 14 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के दौरे से पहले बीएपीएस हिंदू मंदिर में दुनियाभर के राजनयिकों की मेजबानी की गई। यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के विशेष दौरे के लिए दुनिया भर के राजनयिकों की मेजबानी की। इस दौरान राजनयिकों ने मंदिर की वास्तुकला की तारीफ भी की।

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ फोटो भी साझा किए। उन्होंने लिखा– बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में कुछ समय बाकी है। उससे पहले राजदूत संजय सुधीर ने राजनयिकों को मंदिर का विशेष दौरा कराया। राजदूत ने राजनयिकों को मंदिर की अनूठी वास्तुकला, जटिल रूपांकनों और एकता, शांति और सद्भाव के संदेश से अवगत कराया।

राजदूत सुधीर ने राजनयिकों को धन्यवाद दिया और उन्होंने मंदिर के पूरा होने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह असंभव था, लेकिन सपना सचमुच हकीकत बन गया है। बता दें कि भारतीय राजदूत संजय सुधीर के निमंत्रण पर 42 देशों के प्रतिनिधियों ने अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के दर्शन किए। 60 से अधिक अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें मंदिर के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही हिंदू परंपरा से भी अवगत कराया गया।

मंदिर का दौरा करने वालों में अमेरिका, अर्जेंटीना, आर्मेनिया, बहरीन, बांग्लादेश, जर्मनी, घाना, आयरलैंड, इजरायल, इटली, कनाडा, चाड, चिली, साइप्रस, चेक गणराज्य, डोमिनिकन गणराज्य, मिस्र, यूरोपीय यूनियन, फिजी, गाम्बिया के राजदूत और वरिष्ठ राजनयिक शामिल थे।

## न्यूज डायरी



### ताइवान के आसपास मंडराये 7 चीनी सैन्य विमान और 4 नौसैनिक जहाज

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) ताइपे। चीन लगातार ताइवान पर अपनी कड़ी नजर बनाए हुए है। इस तनातनी के बीच ताइवान के आसपास 7 चीनी सैन्य विमानों और 4 नौसैनिक जहाजों को देखा गया। यह विमान और जहाज सुबह 6 बजे से सुबह 6 बजे के बीच देखे गए। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधि पर नजर रखने के लिए ताइवान ने वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली तैनात कर दी है। इसके बाद किसी भी पीएलए विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया। बता दें कि जनवरी महीने में अब तक ताइवान के आसपास 298 चीनी सैन्य विमानों और 136 नौसैनिक जहाजों को ट्रेक किया गया है। वहीं, सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के आसपास परिचालन करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति का उपयोग तेज कर दिया है। चीनी आक्रमण के खिलाफ बचाव के लिए ताइवान के मरीन कॉर्प्स ने काऊशुंग में जुओयिंग नेवल बेस पर एक समुद्री अभ्यास किया। फोकस ताइवान की रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में एक बारूदी सुरंग बिछाने वाला जहाज और एक घरेलू स्तर पर निर्मित हमला नाव शामिल थी। एक चीनी गुब्बारा कीलुंग से 119 किमी उत्तर–पश्चिम में मध्य रेखा को पार करते हुए पाया गया। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गुब्बारा पूर्व की ओर उड़ा और दोपहर 12:15 बजे गायब हो गया।

### अमेरिका ने भारत के साथ ड्रोन समझौते को बताया महत्वपूर्ण

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत के साथ प्रस्तावित ड्रोन सौदे को लेकर उम्मीद जताई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सौदे से रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि ड्रोन सौदे की घोषणा पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान की गई थी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भारत के साथ रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने और सैन्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में समझौते के महत्व पर जोर दिया। मिलर ने कहा, पिछले दशकों में अमेरिका और भारत के बीच रक्षा साझेदारी में काफी वृद्धि हुई है। ड्रोन सौदे पर उन्होंने कहा कि यह एक प्रस्तावित सौदा है, जिसकी घोषणा पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान की गई थी। मैथ्यू मिलर ने कहा कि हमारा मानना है कि यह भारत के साथ रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षेत्र में सैन्य सहयोग को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हथियार हस्तांतरण प्रक्रिया में अमेरिकी कांग्रेस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि हम अपनी औपचारिक अधिसूचना से पहले नियमित रूप से विदेशी मामलों की समितियों पर कांग्रेस के सदस्यों के साथ बात करते हैं, जिससे उनके मन में कोई सवाल नहीं रहे। बता दें कि प्रस्तावित ड्रोन सौदा अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंधों को मजबूती देने के लिए काफी अहम है।

### चीनी हैकर्स के निशाने पर अमेरिका का बुनियादी ढांचा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) वाशिंगटन। चीनी हैकर्स अमेरिकी मूलभूत सुविधाओं को निशाना बना रहे हैं। इसमें जलशोधन संयंत्र, बिजली ग्रिड, परिवहन सेवा सहित देश के अन्य महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधा प्रदान करने वाले क्षेत्र शामिल हैं। एफबीआइ के डायरेक्टर क्रिस रे इसे लेकर सांसदों को जानकारी देंगे। चीन पर हाउस सेलेक्ट कमेटी के समक्ष तैयार की गई टिप्पणियों की एक प्रति के अनुसार साइबर खतरे पर सार्वजनिक रूप से बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। चीन के हैकर्स अमेरिकी बुनियादी ढांचे पर तबाही मचाने और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की तैयारी में हैं। यह फैसला चीन को करना है कि हमला का समय कब होगा। ये टिप्पणियां माइक्रोसाफ्ट सहित अन्य साइबर सुरक्षा फर्मों के आकलन के अनुरूप हैं, जिन्होंने मई में कहा था कि राज्य समर्थित चीनी हैकर अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लक्षित कर रहे हैं और भविष्य के संकटों के दौरान अमेरिका और एशिया के बीच महत्वपूर्ण संचार के संभावित व्यवधान के लिए तकनीकी आधार तैयार कर सकते हैं।

# इजरायल हमास में नहीं रोकेगा युद्ध

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल हमास के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त नहीं करेगा और आईडीएफ गाजा में रहेंगे। नेतन्याहू ने बुधवार रात को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि इजरायल युद्ध समाप्त कर देगा।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि मीडिया में अटकलें लगाई जा रही थीं कि इजरायल गाजा में युद्ध समाप्त कर देगा, लेकिन उन्होंने कहा कि यह झूठा है इजरायल की हमास को खत्म करने की योजनाओं और गाजा को एक ऐसी जगह बनाना जो इजरायल के लिए खतरा न हो, जारी रहेंगी।

हमास की हिरासत में मौजूद इजरायली बंधकों की रिहाई के संबंध में कतर, मिस्र और अमेरिका द्वारा चल रही मध्यस्थता वार्ता पर टिप्पणी करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि बंधक समझौते पर काम किया जा रहा है। हालाँकि, उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध को पूरी तरह से नहीं रोकेगा और कहा, हम बंधकों की रिहाई के लिए एक और रूपरेखा पर काम कर रहे हैं और यह किसी भी कीमत पर नहीं होगी। गौरतलब है कि इजरायली बंधकों की रिहाई के लिए कतर, मिस्र और अमेरिका के बीच विभिन्न स्थानों पर सक्रिय मध्यस्थता वार्ता चल रही है।



## युद्ध विराम के प्रयासों के बीच गाजा में नहीं थम रही लड़ाई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) यरुशलम। गाजा में स्थायी संघर्ष विराम के नए प्रस्तावों पर हमास के विचार के बीच तनाव जारी है। लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही। सबसे भीषण लड़ाई दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में चल रही है। इजरायली सेना को यहां की सुरंगों में हमास कमांडरों के छिपे होने की आशंका है। इजरायली बल इन सुरंगों में पानी डालकर उन्हें निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने उत्तरी गाजा में स्कूल में छिपे 15 हमास आतंकियों को मार गिराया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि बीते 24 घंटे में इजरायली बलों के हमले में गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में 150 फलस्तीनियों ने जान गंवाई और 313 घायल हुए हैं।

# आम चुनाव से पहले पाकिस्तानी जनता की जेब में लगी आग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

■ सरकार ने 13.55 रुपए प्रति लीटर महंगा किया पेट्रोल

इस्लामाबाद। डॉन न्यूज ने गुरुवार को बताया कि कार्यवाहक सरकार ने बुधवार को अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल की कीमत में पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) 13.55 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। वित्त प्रभाग की एक अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल की नई कीमत अब पीकेआर 259.34 की पिछली कीमत से पीकेआर 272.89 प्रति लीटर है।

हाई–स्पीड डीजल की कीमत पीकेआर 2.75 बढ़ाकर पीकेआर 278.96 प्रति लीटर कर दी गई। अधिसूचना में लाइट–डीजल तेल (एलडीओ) और केरोसिन तेल की कीमतों में किसी बदलाव का जिक्र नहीं किया गया है। पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी पहले की अपेक्षा से अधिक है। उच्च अंतरराष्ट्रीय कीमतों और आयात प्रीमियम के कारण अगले पखवाड़े में पेट्रोल और एचएसडी की कीमतें 5–9 पीकेआर प्रति लीटर तक बढ़ने का अनुमान लगाया गया था, जिससे मामूली विनिमय दर लाभ का प्रभाव समाप्त हो गया।

सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि पिछले एक पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में बढ़त के बावजूद पाकिस्तान स्टेट ऑयल (पीएसओ) को भी अधिक आयात प्रीमियम का भुगतान करना पड़ा है। परिणामस्वरूप, अंतिम विनिमय दर गणना के आधार पर, एचएसडी की कीमत पीकेआर 4–6 प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत पीकेआर 6.5 से 9 प्रति लीटर तक बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि, केरोसीन और एलडीओ की कीमतें अपरिवर्तित रहने की उम्मीद थी।

अधिकारियों ने कहा था कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमत 3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक घटकर 83 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से 86.5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है, जबकि एचएसडी लगभग 2 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल महंगा होकर लगभग 95.6 अमेरिकी डॉलर से 97.5 अमेरिकी डॉलर हो गया है।

### सऊदी अरब और भारत के सैन्य अभ्यास से बौखलाए पाकिस्तानी


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) इस्लामाबाद। भारत और सऊदी अरब के बीच सैन्य अभ्यास चल रहा है। पाकिस्तान सीमा के करीब राजस्थान में यह मिलिट्री एक्सरसाइज शुरू हुई है। इसे लेकर पाकिस्तान की टेंशन बढ़ना आम बात है। पाकिस्तान पूरी दुनिया में इस्लामिक देशों को अपना सबसे करीबी मानता है। उसमें भी सऊदी अरब सबसे ऊपर है। क्योंकि इस्लाम के पवित्र स्थल होने के साथ–साथ जरूरत पड़ने पर वह पाकिस्तान को कर्ज भी दे देता है। अब इस पर पाकिस्तान के यूट्यूबर सुहैब चौधरी ने पाकिस्तानी पब्लिक से बात की है। आइए जानें वह इसे किस तरह देखते हैं। एक शख्स से जब इस एक्सरसाइज के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि भारत से अच्छे संबंध बनाने चाहिए। यह नहीं देखना चाहिए कि वह मुस्लिम देश है या नहीं। आज पाकिस्तान से ज्यादा भारत के इस्लामिक देशों से अच्छे संबंध हैं।

# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नेत्र रोग के इलाज के लिए अब नहीं लगाने होंगे दूरदराज शहरों के चक्कर

**शुभारंभ**

## आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा दी गई मशीनों का डीएम ने किया शुभारंभ

**संवाददाता**

चमोली। चमोली जिला अस्पताल में आंखों के इलाज के लिए अब अत्याधुनिक सुविधाएं हो गई है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने आंखों के उपचार के लिए जिला अस्पताल को अत्याधुनिक ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और याग लेजर मशीन उपलब्ध करा दी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को जिला अस्पताल में इन मशीनों का शुभारंभ करते हुए बधाई दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा जिला अस्पताल को नेत्र रोग के इलाज में सहायक अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई गई है, जो निश्चित रूप से सीमांत जनपद के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में आईसीआईसीआई



फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए सीमांत क्षेत्रों में शिक्षा को भी आगे बढ़ाने में फाउंडेशन से सहयोग की अपेक्षा की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों एसएमएस से लैब टेस्ट रिपोर्ट भेजने हेतु जिला अस्पताल द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर का उद्घाटन भी किया। इस सॉफ्टवेयर से मरीजों को लैब टेस्ट की रिपोर्ट सीधे उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर आईसीआईसीआई फाउंडेशन के समन्वय सुधीर जैन, एसीएमओ डॉ. अभिषेक गुप्ता, पीएमएस डॉ अनुराग धनिक, पैथोलॉजिस्ट डॉ यशोदा पाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ निर्मल प्रसाद, डॉ स्वाति शर्मा, नेत्र रोह सहायक शिवसिंह राणा आदि उपस्थित थे।

जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने बताया कि आंख में मोतियाबिंद हटाने के कुछ महीनों बाद लेंस के पीछे झिल्ली बन जाती है। इस झिल्ली को हटाने के लिए लोगों को दूरदराज शहरों में जाना पडता था। लेकिन अब याग लेजर मशीन लग जाने से इसका उपचार अब जिला अस्पताल में ही हो सकेगा। इससे नेत्र रोगियों का समय की बचत के साथ खर्च भी कम होगा। इसके अलावा इस मशीन की सहायता से लीक हो रही रक्त वाहिकाओं को सील करना, आंख में दबाव कम करना, कॉर्निया को बदलना और आईरिस का हिस्सा हटाना जैसी कई प्रकार की दृष्टि समस्याओं का उपचार हो सकेगा। जबकि ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप या सर्जिकल माइक्रोस्कोप विशेष रूप से सर्जिकल सेटिंग में उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे आंखों के सर्जरी के दौरान नेत्र सर्जन को बेहतर सुविधा मिलेगी।

## न्यूज डायरी :

### अगामी मंगलवार को तहसील दिवस का किया जाएगा आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में 6 फरवरी को खंड विकास अधिकारी कार्यालय ऊखीमठ के सभागार कक्ष में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जन प्रतिनिधियों व आम जनमानस द्वारा दर्ज की जाने वाली शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले तहसील दिवस में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे ताकि प्राप्त समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जा सके। उन्होंने संबंधित राजस्व उपनिरीक्षकों को आयोजित होने वाले तहसील दिवस से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर तहसील दिवस में उपस्थित होने की अपील की है।

### जाट महासभा ने पर्यावरण यात्रा का स्वागत किया

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से सुरेश आर्य के नेतृत्व में चली पर्यावरण यात्रा का हरिद्वार पहुंचने पर जाट महासभा पंचपुरी ने भव्य स्वागत किया। पर्यावरण यात्रा में प्रदेश के अलग–अलग स्थानों से आए पर्यावरणविद भी शामिल हुए। यात्रा का समापन देहरादून जाट भवन में होगा। जाट महासभा पंचपुरी के अध्यक्ष चौधरी देवपाल सिंह राठी ने कहा कि हर वर्ष दिल्ली जैसा शहर प्रदूषण के सभी मापदंड तोड़ रहा है। सरकार द्वारा पर्याप्त उपाय करने पर भी प्रदूषण कम नहीं हो पा रहा है। इस पर हम सभी को मिल कर काम करना होगा। जिससे प्रदूषण को कम किया जा सके। देवेन्द्र कुंडू ने कहा कि सुरेश आर्य द्वारा पर्यावरण के लिए जो यात्रा की जा रही, उससे निश्चित तौर पर पर्यावरण को लेकर लोगों में जागरूकता आएगी।

### एचडीएफसी और कुमाऊं मंडल विकास निगम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया

**संवाददाता** हल्द्वानी। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के सभी 49 सरकारी स्वामित्व वाले पर्यटक विश्राम गृहों (टीआरएच) की बुकिंग की सुविधा के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। अपनी तरह की पहली पहल का उद्देश्य सुंदर कुमाऊं हिमालय में पर्यटन को बढ़ावा देना, पूरे भारत के साथ–साथ विदेशों से पर्यटकों को आकर्षित करना और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। यह साझेदारी यात्रियों के लिए समग्र बुकिंग अनुभव को बेहतर बनाने और केएमवीएन के लिए बुकिंग को बढ़ाने में मदद करेगी।

# आंगन में खेल रहे बालक पर गुलदार ने किया हमला

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। बच्छणस्यूं क्षेत्र के खल्यां गांव में बीती रात सायं करीब 6:30 बजे अपने घर के आंगन में खेल रहे 4 वर्षीय बालक आदर्श राणा पुत्र त्रिलोक राणा पर घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा शोर किए जाने पर गुलदार भाग खड़ा हुआ परंतु इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी देते हुए सदस्य जिला पंचायत नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि उक्त बालक को घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसका ईलाज किया गया तथा प्राथमिक उपचार के बाद



बालक को छुट्टी दे दी गई। ग्रामीणों द्वारा ये मांग की गई है कि वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने हेतु पिंजरा लगाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।



## पुरोला में विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को वन सुरक्षा की जानकारी दी

**संवाददाता** पुरोला। टौन्स वन प्रभाग, पुरोला के सान्द्रा रेंज में नैटवाड़ मोरी जल विद्युत परियोजना के कैट प्लान के अन्तर्गत वनाग्नि सुरक्षा व चीड़ पिरुल की ब्रिकेट्स व अन्य स्थानीय उत्पादों को तैयार करने की विधि विषयों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उप वन संरक्षक, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला कुन्दन कुमार, वन क्षेत्राधिकारी सान्द्रा रेंज यशपाल सिंह राठौर, वन क्षेत्राधिकारी सिंगतूर रेंज अमिता चौहान थपलियाल, सान्द्रा एवं सिंगतूर रेंज के फील्ड कार्मिक तथा रेंज के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान, वन पंचायत सरपंच तथा ग्रामवासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर टौन्स वन प्रभाग, पुरोला द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक अस्पताल मोरी से डॉ, रोबिन कुमार, चिकित्सा अधिकारी, दिनेश भट्ट, फार्मासिस्ट तथा रहीश चौहान, नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोस चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली सभी नोडल अधिकारियों की बैठक

**संवाददाता** चमोली। जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने निर्वाचन व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने नामित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को अपने दायित्वों का त्रुटिरहित निर्वहन करने और आदर्श आचार संहित का पूर्णतः परिपालन सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यो को समयानुसार पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों से



संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का भलीभांति अध्ययन कर लें। विगत निर्वाचन की व्यवस्थाओं में जो कमियां सामने आई है, उसको दूर किया जाए। लोकसभा चुनाव के सफल संपादन हेतु शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण, पोलिंग पार्टियों का रुट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, सामान का रेट चार्ट, टेंट, वेरिकेटिंग, जलपान, भोजन आदि व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया समय से सुनिश्चित की जाए। शेडो एरिया वाले मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जाए। लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, व्यय लेखा एवं निगरानी व व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर, डाक मतपत्र प्रेषण, लेखन सामग्री, प्रपत्र, हेल्थ किट, वोटर स्लिप, वीडियोग्राफी आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। राजनीतिक दलों के साथ समय समय पर बैठक करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका परिवहन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए पास कराया जाए।

## अग्रवाल दंपति दुनिया से विदा लेने के साथ कायम कर गए मिसाल

**संवाददाता** हल्द्वानी। समाज में हर व्यक्ति अपना कुछ ना कुछ योगदान कर सकता है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, बस समाज के लिए कुछ करने का जज्बा होना चाहिए। यह बात अग्रवाल दंपति से समाज के हर नागरिक को सीखा दी है। दोनों ने ही दुनिया से विदा होने के बाद 4 लोगों की आंखों में रंग भर दिए। गुरुवार सुबह मंगल पड़ाव निवासी इंदिरा रानी अग्रवाल (84) ने अंतिम सांस ली। अपने पति स्व. रमेश चंद्र अग्रवाल (89) जो कभी केमू के डायरेक्टर थे की तरह उनकी भी नेत्रदान की इच्छा थी। उनके बड़े बेटे रविंद्र अग्रवाल ने मां की इच्छा पूरी करने के लिए डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल स्थित अर्जुन आई बैंक से संपर्क किया। आई बैंक की टीम सूचना पर मौके पर पहुंची और इंदिरा रानी की दोनो आंखों से कॉर्निया ले लिया। इंदिरा रानी के बेटे और शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी रविंद्र अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता ने 15 फरवरी 2023 को अंतिम सांस ली।

*हर सुबह इस यकीन के साथ उठो, कि मेरा आज का दिन मेरे कल से बेहतर होगा !–अज्ञात।*

विचार-प्रवाह देहरादून, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# मौसम की मार

**इन्हीं विवादों में पायलटों का रेस्ट टाइम बढ़ाने का मुद्दा भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए के इस हालिया आदेश के लागू होने से समस्या और बढ़ सकती है। लेकिन पायलटों को पर्याप्त आराम मिलना जरूरी है।**

अनिल शर्मा।।

ठंड के इस मौसम में कोहरे ने जिस तरह से पूरे उत्तर भारत को घेर रखा है, उसका असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ रहा है। कोहरे की वजह से फ्लाइट में कुछ घंटों तक की देरी की खबरें आ रही हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिल्ली एयरपोर्ट पर तो एक यात्री द्वारा पायलट से दुर्व्यवहार की अप्रिय घटना भी हुई।

पायलट से दुर्व्यवहार की घटना की ठीक ही चौतरफा निंदा हुई। ऐसे व्यवहार को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इस निंदनीय घटना की वजह से उन तकलीफों और परेशानियों को अनदेखा नहीं किया जा सकता जिनसे यात्रियों को गुजरना पड़ रहा है। यह सही है कि घने कोहरे के चलते पर्याप्त विजिबिलिटी न होना किसी एयरलाइन कंपनी के हाथ में नहीं होता। लेकिन इन हालात में भी थोड़ी बेहतर सेवा यात्रियों की तकलीफ में काफी कमी ला सकती है। यह भी जरूरी है कि एयरपोर्ट पर और बेहतर तकनीक का इस्तेमाल हो ताकि हवाई सेवा कोहरे की वजह से बाधित न हो।

जब भी किसी वजह से सेवा बाधित होती है तो यात्रियों को जितनी परेशानी देरी से नहीं होती, उतनी सही सूचना समय पर नहीं मिलने से होती है। यह आम धारणा है कि एयरलाइंस कर्मचारी यात्रियों को पूरी जानकारी नहीं देते। रिफंड की सहज और आसान प्रक्रिया न होना मामले को बदतर बना देता है।

मूल समस्या भले कुदरती हो, प्रबंधन से जुड़े मुद्दों के चलते भी अक्सर हालात और बिगड़ जाते हैं। मसलन, कई बार ऐसा होता है कि खराब मौसम की वजह से पायलट एयरपोर्ट पर ही फंस जाते हैं और मौसम ठीक होने तक उनके ड्यूटी के घंटे पूरे हो जाते हैं। जाहिर है, मौसम ठीक होने के बावजूद नए क्रू के आने तक फ्लाइट फंसी रहती है।

इन्हीं विवादों में पायलटों का रेस्ट टाइम बढ़ाने का मुद्दा भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि एविएशन रेगुलेटर क्ळब्। के इस हालिया आदेश के लागू होने से समस्या और बढ़ सकती है। लेकिन पायलटों को पर्याप्त आराम मिलना जरूरी है। फ्लाइट की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। इस मसले का यही हल है कि कंपनियां अपने पायलटों की संख्या बढ़ाएं।

ध्यान रहे, देश में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 15 करोड़ से ज्यादा घरेलू यात्रियों ने हवाई सेवा का इस्तेमाल किया, जबकि 2022 में यह संख्या 12 करोड़ ही थी। सेवा को पैसेंजर फ्रेंडली बनाए रखकर ही आगे इस सेक्टर की और अच्छी ग्रोथ सुनिश्चित की जा सकती है। इन विवादों का अच्छा पक्ष यह है कि DGCA तुरंत हरकत में आया और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी कर दी। यात्रियों को सही और रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने और तीन घंटे से ज्यादा देरी पर फ्लाइट कैंसल करने जैसे निर्देश उपयोगी हैं। मगर यह भी देखना होगा कि इन्हें सही ढंग से अमल में लाया जाए। इसके साथ ही यात्रियों के लिए संयम बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

## यम के दूत

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** भगवान विष्णु ने वृंदा से कहा, 'हे वृंदा। तुम अपने सतीत्व के कारण मुझे लक्ष्मी से भी अधिक प्रिय हो गई हो। अब तुम तुलसी के रूप में सदा मेरे साथ रहोगी। जो मनुष्य भी मेरे शालिग्राम रूप के साथ तुलसी का विवाह करेगा उसे इस लोक और परलोक में विपुल यश प्राप्त होगा।' जिस घर में तुलसी होती हैं, वहां यम के दूत भी असमय नहीं जा सकते। गंगा व नर्मदा के जल में स्नान तथा तुलसी का पूजन बराबर माना जाता है। चाहे मनुष्य कितना भी पापी क्यों न हो, मृत्यु के समय जिसके प्राण मंजरी रहित तुलसी और गंगा जल मुख में रखकर निकल जाते हैं, से मुक्त होकर वैकुंठ धाम को प्राप्त होता है। जो वह पापों मनुष्य तुलसी व आवलों की छाया में अपने पितरों का श्राद्ध करता है, उसके पितर मोक्ष को प्राप्त हो जाते हैं।

## संपादकीय

### रेप की परिभाषा

उदाहरण के लिए आईपीएसी की धारा–375 में बलात्कार की परिभाषा देखें या फिर नए भारतीय न्याय संहिता की परिभाषा को देखें तो वह कहती है कि महिला की मर्जी के खिलाफ उसके साथ कोई पुरुष सेक्सुअल संबंध बनाता है तो वह रेप होगा। महिला अगर नाबालिग है तो उसकी मर्जी या उसकी मर्जी के खिलाफ बनाए गए संबंध रेप के दायरे में आएंगे। रेप की परिभाषा में कहा गया है कि महिला के गुप्तांग (वेजाइनल या एनल) में पुरुष कोई भी ऑब्जेक्ट डालता है तो वह रेप होगा। महिला के शरीर के किसी भी पार्ट में पुरुष अगर अपना प्राइवेट पार्ट डालता है तो वह रेप होगा। महिला की मर्जी के खिलाफ अगर कोई उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता है तो वह भी रेप में कवर हो जाएगा। इसी तरह अगर कोई बच्चे या बच्ची के गुप्तांग में कोई ऑब्जेक्ट डालता है तो वह रेप और पोक्सो में कवर हो जाएगा। लेकिन मसला बाकी बालिग पुरुष और जानवर से संबंधित केसों का है।

**सहमति से बालिगों में बने इस तरह के संबंध तो पहले ही अपराध के दायरे से बाहर थे, लेकिन जिन मामलों में सहमति न हो उनसे कैसे निपटा जाएगा, यह बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है।**

# ऐतिहासिक फैसला

राजेश चौधरी।।

भारतीय दंड संहिता की धारा–377 (जिसमें अप्राकृतिक संबंधों से जुड़े अपराध कवर किए गए हैं) अब कानून की किताब में नहीं रही। नई भारतीय न्याय संहिता में IPC से संबंधित अधिकांश कानून को उसी रूप में रखा गया है, लेकिन धारा–377 के बदले कोई धारा नहीं दी गई है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अप्राकृतिक संबंधों से जुड़े अपराध कानून के दायरे से बाहर हो गए हैं। सहमति से बालिगों में बने इस तरह के संबंध तो पहले ही अपराध के दायरे से बाहर थे, लेकिन जिन मामलों में सहमति न हो उनसे कैसे निपटा जाएगा, यह बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है।

6 सितंबर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि धारा–377 के तहत दो बालिगों के बीच सहमति से बनाए गए समलैंगिक संबंध अपराध नहीं हैं। 377 के तहत सहमति से संबंध को अपराध के दायरे में रखने वाले इस प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट ने गैर–संवैधानिक करार दिया था। उसे समानता और जीवन के अधिकार का उल्लंघन बताया था। लेकिन अब नई भारतीय न्याय संहिता में ÇÛ† की धारा–377 को हटा दिया गया है। उसके बाद एक नई बहस छिड़ी है कि बालिग पुरुष के साथ जबरन अप्राकृतिक



संबंध बनाने पर क्या होगा और पशुओं के साथ ऐसे अप्राकृतिक संबंध बनाने के मामलों में क्या होगा? इसे समझने के लिए धारा–377 के प्रावधानों पर एक नजर डालना ठीक रहेगा। धारा–377 के तहत कानूनी प्रावधान रहा है कि अप्राकृतिक संबंध बनाना अपराध है। इसके मुताबिक अगर दो लोग सहमति से या बिना सहमति के ऐसा संबंध बनाते हैं तो वह अपराध होगा। जानवर के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाना या नाबालिग बच्चों से ऐसा संबंध सहमति से भी बनाना अपराध है। इसके लिए 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है।

2018 का सुप्रीम कोर्ट का फैसला दो बालिगों के बीच सहमति से बनाए जाने वाले समलैंगिक संबंध को अपराध के दायरे से बाहर करने की गुहार पर था। कोर्ट ने उसे अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। लेकिन बाकी दोनों तरह के मामले (यानी बालिग पुरष के साथ जबरन संबंध बनाने और पशुओं के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के मामले) धारा–377 के तहत अपराध की श्रेणी में ही रखे गए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि समलैंगिकों को भी गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। बिना गरिमा के सारे अधिकार बेमानी हैं। कानून के शासन में संवैधानिक नैतिकता सबसे ऊपर है। सामाजिक नैतिकता का आवरण डालकर किसी एक व्यक्ति को भी संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। एकांत में दो बालिग अगर सहमति से समलैंगिक संबंध बनाते हैं तो उस कारण सामाजिक शालीनता और नैतिकता का कोई नुकसान नहीं होता।

इस प्रावधान के खत्म किए जाने के बाद धारा–377 के जो बचे हुए प्रावधान थे, मसलन दो बालिगों के बीच जबरन संबंध बनाए जाने का या किसी जानवर के साथ संबंध बनाने का, उन्हें नए कानून में जगह न मिलना अहम इसलिए भी है क्योंकि ये दूसरे कानूनों से भी कवर नहीं होते।

### सूडोकू नवताल- 5351

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- खानों में मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5350 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### अपराधी धारा-377 में मुल्जिम बनाए जाते रहे

**मोहन।** एडवोकेट रेखा अग्रवाल भी बताती हैं कि धारा–377 में इन दोनों को कवर किया गया है। इसमें बालिग की मर्जी और मर्जी के बगैर या फिर जानवर के साथ अप्राकृतिक संबंध को अपराध माना गया है। लेकिन भारतीय न्याय संहिता में इन्हें शामिल न किए जाने से उलझन की स्थिति बन गई है। अब अगर किसी शख्स द्वारा बेजुबान जानवर के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए जाने का मामला समाने आता है तो यह स्पष्ट नहीं है कि उस शख्स को किस कानून में बुक किया जाएगा। अभी तक ऐसे अपराधी धारा–377 में मुल्जिम बनाए जाते रहे हैं। आने वाले दिनों में ऐसे अपराध में संलिप्त व्यक्तियों को कैसे शिकंजे में लिया जाएगा, यह बड़ा सवाल है। इसका जवाब कानून बनाने वालों को तलाशना होगा। धारा–377 का मौजूदा प्रावधान LGBTQ समुदाय के लोगों के खिलाफ परेशान करने वाला हथियार है।






## टीवी पर एक बार फिर से रामानंद सागर की रामायण का होगा प्रसारण

इन दिनों चारों तरफ भगवान राम का नाम ही सुनने को मिल रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से हर भक्त उनकी भक्ति में लीन है। अब इसी में सोने पर सुहागा करने के लिए डीडी नेशनल पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला धार्मिक सीरियल टेलीकास्ट होने जा रहा है। हम यहां बात रामानंद सागर के रामायण की कर रहे हैं, जिसके प्रसारण का ऐलान किया गया है। साल 1987 में पहली बार टीवी पर आए रामानंद सागर के रामायण ने चारों तरफ तहलका मचा दिया था। इसने जब–जब टीवी पर दस्तक दी, हर कोई चाव से टकटकी लगाए देखता था। कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में भी ये टीवी पर लौटा और सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया। एक बार फिर से इसको छोटे पर्दे पर लाया जा रहा है। दूरदर्शन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ऐलान किया कि रामानंद सागर की रामायण फिर से टेलीविजन स्क्रीन पर वापस करेगा। एक छोटी क्लिप शेयर करते हुए, ट्वीट में लिखा है, धर्म, प्रेम, और दान की फिर से अलौकिक पौराणिक कथा...एक बार आ रहा है पूरे भारत का सबसे लोकप्रिय शो श्रामायणश, जल्द ही डीडी नेशनल पर देखें रामायण। इसके साथ उन्होंने अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी को टैग किया।

## जब 12वीं फेल की कहानी पढ़कर रोते रहे विक्रांत मैसी

इस वक्त हर तरफ विक्रांत मैसी की वाहवाही हो रही है। विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल में मनोज कुमार का रोल प्ले करके वह छा गए हैं। इस के लिए उन्हें हाल ही बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिला। लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्रांत मैसी को इस किरदार के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी? उन्हें इस फिल्म की कहानी ने इस कदर झकझोर दिया कि वह रोते रहे। आंसू कंट्रोल करने मुश्किल हो गए थे। 12जी पिस बिहार के रहने वाले पै मनोज कुमार की जिंदगी पर बनी है। मनोज कुमार ने बचपन से लेकर जवानी तक बहुत गरीबी देखी, और खूब संघर्ष झेला। आम जरूरतों को भी पूरा करने के लिए उन्हें खूब एड़ियां रगड़नी पड़ी थीं। जब टपातंदज डेंमल ने उनकी कहानी जानी और 12वीं फेल की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो आंसुओं पर काबू नहीं रहा। विक्रांत मैसी ने कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में पूरा किस्सा सुनाया था। विक्रांत ने बताया था कि जब उन्होंने पहली बार फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो 15–20 मिनट तक रोते रहे। विक्रांत ने बताया कि ऐसी कहानी न तो उन्हें कभी कहीं पढ़ी थी, ना देखी थी।

## बिग बॉस 17 से बाहर निकलते ही अंकिता लोखंडे को हाथ लगी ये शानदार फिल्म





रिएलिटी शो बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद अभी बाहर निकले कंटेस्टेंट्स का जश्न खत्म भी नहीं हुआ है कि विक्की जैन को नए शो मिलने की खबर आ गई। अब खबर है कि उनकी वाइफ अंकिता लोखंडे को भी अगला प्रॉजेक्ट मिल चुका है। कहा जा रहा है कि अंकिता रणदीप हुड्डा के साथ उनकी फिल्म में नजर आनेवाली हैं। अंकिता ने एक वीडियो क्लिप शेयर किया है और लिखा है, इतिहास के पन्नों से खोए हुए नेता की कहानी लेकर आ रहे। बिग बॉस 17 के तुरंत बाद एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है, काफी एक्स्ट्रा स्पेशल फील हो रहा। आनंदपंडित, जी स्टूडियो की फिल्म में रणदीप हुड्डा के साथ इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर आभारी हूं। अपने नजदीकी सिनेमाघरों में 22 मार्च 2024 को देखना न भूलें। ये फिल्म है देश के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक विनायक दामोदर सावरकर की, जिनका जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र के नासिक के पास भागुर गांव में हुआ था। देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले सावरकर एक कार्यकर्ता होने के साथ–साथ एक लेखक भी थे और उन्होंने हिंदू महासभा का नेतृत्व किया। उन्हें हिंदुत्व शब्द गढ़ने के लिए जाना जाता है।

# रश्मिका मंदाना हर चीज में लेती हैं विजय देवरकोंडा की सलाह

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म श्एनिमलश में नजर आईं रश्मिका मंदाना अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से खासा चर्चा में हैं। इनका नाम एक्टर विजय देवरकोंडा क साथ जोड़ा जाता है। बीच में तो दोनों के शादी की अफवाह भी उड़ी थी, जिसके बाद एक्टर ने सफाई दी थी कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। हालांकि फैन्स का मानना है कि ये दोनों एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। बस जाहिर नहीं करना चाह रहे हैं। अब एक लेटेस्ट इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया है कि वह विजय से हर चीज में सलाह मश्वरा जरूर करती हैं। वह उनकी लाइफ के बहुत बड़े सपोर्टर हैं।

**एक्टर को बताया अपनी लाइफ का बड़ा सपोर्टर**
रश्मिका और विजय देवरकोंडा को साल 2018 में आई फिल्म श्गीता गोविंदमश में साथ देखा गया था। इसी से इनके रिश्ते की खबरों ने पांव पसारने शुरू कर दिए थे। लेकिन कभी कपल ने इस पर कुछ कहा नहीं। इन्हें अधिकतर बार साथ में स्पॉट किया गया है। दोनों को साथ में वेकेशन डेस्टिनेशन पर भी साथ देखा जाता है। बावजूद इसके ये अपने अफेयर पर चुप्पी नहीं तोड़ते।

**विजय देवरकोंडा से रश्मिका लेती हैं सलाह**
वी आर युवा से खास बातचीत के दौरान रश्मिका मंदाना ने



बताया कि वह जो कुछ भी करती हैं, उसमें विजय की सलाह जरूर लेती हैं। और उनकी राय को महत्व भी देती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि विजय श्हां में हां मिलाने वाले इंसान नहीं हैं। वह जो भी होता है, सीधे बोलते हैं। विजय उनकी लाइफ के बड़े सपोर्टर हैं। वह उनका बहुत सम्मान भी करती हैं।

**रणबीर कपूर की रश्मिका ने तारीफ की**
वहीं, इस इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना ने रणबीर कपूर की तारीफ की। एक्ट्रेस ने कहा कि वह महिलाओं का सम्मान करते हैं। वह जिस तरह से महिलाओं से पेश आते हैं, वह वाकई काबिलेतारीफ है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि अगर उन्हें कुछ भी चीज करने में दिक्कत होती है तो वह जाकर रणबीर को बताती हैं। ऐसे में एक्टर उनसे कहते हैं कि वह ऐसा क्यों सोचती हैं कि नहीं कर पाएंगी। वह कर सकती हैं कुछ भी कर सकती हैं। रणबीर बहुत मोटिवेट करते हैं।

# करिश्मा सावंत को बिकनी में देख फैन्स ने बिचकाया मुंह

*राजन शाही का टीवी सीरियल श्ये रिश्ता क्या कहलाता हैश पिछले 14–15 सालों से टीवी पर प्रसारित हो रहा है। इसके तमाम किरदार आए और गए। करिश्मा सावंत भी इसी का हिस्सा रहीं। उन्होंने आरोही का किरदार निभाया था। वह एक बेटी की मां भी बनी थी। मगर रियल लाइफ में वह कतई जहर अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने समंदर किनारे से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसको देख फैन्स उनसे निराश हो गए हैं। और काफी कुछ कह रहे हैं।*



ये रिश्ता क्या कहलाता है के खत्म होने के बाद से ही करिश्मा सावंत खाली हैं। मतलब उनके पास फिलहाल कोई प्रोजेक्ट नहीं है। वह हर्षद चोपड़ा और प्रणाली राठौड़ की तरह ही आराम फरमा रही हैं। उन्होंने समंदर किनारे से बिकिनी में चंद तस्वीरें शेयर कीं, जिसके बाद से इंटरनेट का पारा बढ़ गया। अपने दोस्तों के साथ वह मस्ती करती नजर आईं, जिस पर लोगों ने अपने रिएक्शन्स दिए। उनके इस दिलकश अवतार पर कुछ लोग नाराजगी भी जाहिर कर रहा है।

**आरोही बनी थीं करिश्मा सावंत**
करिश्मा सावंत जहां शो में थान में लिपटी दिखी थीं। वहीं, अब उनका ये कातिलाना लुक सीने पर किसी छूरी से कम नहीं चुभ रहा है। लोग उनकी वाहवाही कर रहे हैं। आरोही की कहानी एक ऐसी लड़की की थी, जो अक्षरा से चिढ़ती थी। खुद को बेहतर साबित करने में तुली रहती थी। उसके अंदर बदले की भावना दिखाई देती थी। लेकिन बाद में उसमें एक नम्रता और कोलमता देखने को मिली। ठीक वैसे, जैसे एक्ट्रेस अपनी असल जिंदगी में हैं।

**करिश्मा सावंत की फोटो पर रिएक्शन**
करिश्मा सावंत का ये पोस्ट देख लोगों ने रिएक्शन दिया। एक यूजर ने लिखा, शरम नाम की कोई चीज भी है, बहुत निराशाजनक है ये।श एख ने कहा, करिश्मा मेरी फेवरेट थीं लेकिन ये फोटो देखकर उतर गई दिल से। एक यूजर ने लिखा, उफ्फ। एक ने कहा, मैं आरोही गोयनका को बहुत पसंद करती हूं, पर ये पिक्चर्स देख दिल टूट गया। एक ने लिखा, आपने पहली बार मूड खराब कर दिया दीदी। मुझे लगा था कि शिवांगी के बाद आप ही एक एक्ट्रेस हैं जो बिकिनी में पोस्ट नहीं करेंगी।

# बदलते मौसम में संक्रामक बीमारी से बचना है तो ये काम शुरू कर दो

*दिल्ली–एनसीआर में बारिश ने मौसम को एकदम से बदल दिया है। इस दौरान खुद को फिट और हेल्दी रखना सबसे जरूरी है। क्योंकि संक्रामक बीमारियों का खतरा अब बढ़ गया है।*



दिल्ली–एनसीआर में हुई बारिश की वजह से ठंड और बढ़ गई है। बारिश की वजह से सुबह–सुबह छाने वाले घने कोहरे से मुक्ति मिल सकती है, लेकिन बदलते मौसम के साथ ही संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि मौसम में बदलाव के साथ कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में जानना जरूरी है कि वो कौन सी चीजें हैं, जो हमें बीमारियों से बचा सकती हैं?

**आसपास नमी न रहने दें**
बारिश के बाद अपने आस–पास की चीजों को अच्छे से सुखाने की कोशिश करें, ताकि नमी न रहे। यह आपको सर्दी और कफ जैसी बीमारियों से बचाव में मदद कर सकता है।

**साफ-सफाई का ध्यान**
अपने आस–पास साफ–सफाई का खास ख्याल रखें। खासकर जहां–जहां बारिश का पानी भरा हो उन स्थलों को साफ करें ताकि मच्छर और कीटाणु पनप न सकें।

**अच्छा खान-पान जरूरी**
अपनी डाइट में पोषण से भरपूर आहार शामिल करें। सर्दियों में गर्म पानी, ग्रीन टी, और गरम सूप का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

**बार-बार हाथ धोना न भूलें**
अपने हाथों को बार–बार साबुन से धोना और अपने मुंह को छूने से पहले हमेशा साफ करना संक्रामक बीमारियों के जोखिम को खत्म कर सकता है।

**खुद को अधिक गर्म रखे**
मौसम में अपने शरीर को गर्म रखने के लिए उचित कपड़े पहनें। यह ठंड की बीमारियों की संभावना को कम करने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है।



## इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए सर्दियों में खानपान में शामिल करे ये खास मसाले

क्या आप सर्दियों के मौसम में बहुत जल्दी–जल्दी बीमार पड़ जाते हैं, अगर ऐसा है तो यह आपकी खराब इम्यूनिटी का संकेत हो सकता है। इस मौसम में इम्यूनिटी वैसे भी कमजोर हो जाती है। तो यहां हम बात करेंगे कुछ ऐसे मसालों की जो खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ आपकी इम्यूनिटी को भी मजबूत बनाते हैं। इन मसालों के और भी कई स्वास्थ्य लाभ हैं। जॉन हॉपकिंस मेडिसिन में दिए गए शोध के अनुसार दुनिया भर में खासतौर पर इंडियन कुकिंग में 100 से भी अधिक मसालों का इस्तेमाल किया जाता हैं। इन सभी मसालों के अपने खास गुण हैं। मसालों में एंटीऑक्सीडेंट की भी हाई मात्रा पाई जाती है। कई औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी आपके इम्यूनिटी के लिए काफी फायदेमंद है। इस मसाले के अपने कई कई स्वास्थ्य लाभ है। चालचीनी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। यह मसाला डायबिटीज टाइप 2 के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। करी पत्ते के सेवन से आपको कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। इसके अलावा, करी पत्ता अन्य पोषक तत्वों का भी अच्छा स्रोत है।

## क्या सच में रम सर्दी के मौसम के लिए अच्छी होती है?

रम एक डिस्टिल्ड ड्रिंक है। इसे फर्मेंटेड गन्ने के प्रयोग से बनाया जाता है। भारत में रम मुख्यतः दो प्रकार की मिलती हैं। एक वाइट और दूसरी डार्क। अधिकतर रम में 40 फीसदी तक अल्कोहल होता है। लेकिन कई रम में अल्कोहल की मात्रा 60–70 प्रतिशत तक भी होती है। ज्यादा अल्कोहल मात्रा होने की वजह से लोग इसे ठंड में पीना पसंद करते हैं। दरअसल, अल्कोहल पीने से हम इंसानों के शरीर की नसों में खून तेजी से बहता है। ऐसा होने के कारण लोगों को गर्माहट का एहसास होता है, वो बात और है कि ये थोड़ी देर के लिए ही होता है।
कई बार ऐसी स्थिति में इंसान को ठंड महसूस नहीं होती, लेकिन असल में वो नुकसान कर रही होती है। कोई भी शराब हो वो शरीर में ब्लड फ्लो को बढ़ाती है, परिणाम स्वरूप इंसान को अंदर से गर्मी लगती है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि श्रम दबाकर पी जाए। असीमित शराब पीना सेहत के लिए हानिकारक ही है। एक स्टडी के मुताबिक अत्यधिक रम पीने से लीवर में सूजन (अल्कोहलिक हेपेटाइटिस) हो सकती है और लीवर में घाव (सिरोसिस) हो सकता है, जो एक संभावित घातक बीमारी है. रम रक्तचाप भी बढ़ा सकती है, जिससे हृदय की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## ठंड में बाइक चलाकर दफ्तर पहुंचते हैं और सूज जाती हैं उंगलियां




आमतौर पर सर्दी अधिक होने के कारण रक्त संचार में परिवर्तन होता है और हमारी उंगलियां सूज जाती हैं। लेकिन श्रेनॉड्स, श्अर्थराइटिस, श्स्क्लेरोडर्मा श्और श्इंफेक्शनश भी सर्दियों में उंगलियों में सूजन के कारण हो सकते हैं। ऐसे में आपको देरी न करते हुए इलाज की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए। पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर उंगलियों को इसमें डालें। 5–10 मिनट तक रखें और फिर सुबह और शाम में करें। इससे आपको आराम मिल सकता है। शोध के मुताबिक एलोवेरा त्वचा संबंधी उपचार के लिए प्रभावी है। एलोवेरा जेल को सूजन वाली जगहों पर लगाने से त्वचा ठीक होती है और सूजन भी कम हो सकती है। ये सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है, इसमें उंगलियों को हल्के हाथ से मसाज करें। इससे स्थानीय रक्त संचार बढ़ सकता है और सूजन में राहत मिल सकती है। विटामिन व मिनरल से भरपूर आहार लेना सूजन को कम कर सकता है। इसके अलावा तुलसी, अदरक, या लहसुन का सेवन भी अच्छा माना जाता है। इलाज से बढ़िया सुरक्षासर्दी के मौसम में उंगलियों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें धक्के, मोजे, और उचित हैंड ग्लव्स का उपयोग करें। इससे आपकी समस्या का हल हो सकता है। आलू भी कारगार है।

# स्पर्म असरदार रखना है तो ये काम आज से ही बंद कर दीजिए


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*आपने थोड़ी–बहुत भी साइंस पढ़ी है तो जानते ही होंगे कि बच्चे के जन्म के लिए पुरुषों के स्पर्म और महिलाओं के एग की जरूरत होती है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि अगर स्पर्म क्वालिटी खराब हो जाए तो इंसान के पिता बनने का सपना टूट सकता है। बीते कुछ सालों में श्पुरुष प्रजनन क्षमताश लगातार कम हुई है. ऐसे में स्पर्म को असरदार रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमें तत्काल प्रभाव से वो सभी काम बंद कर देने चाहिए जिनकी वजह से स्पर्म कमजोर या डैमेज हो सकते हैं। वो काम कौन से आइए जानते हैं।*



**डाइट में वसा की मात्रा पर नियंत्रण**
अगर आप हैवी फैट वाली डाइट लेना पसंद करते हैं, तो यह आपके स्पर्म को कमजोर कर सकती है। अमेरिका के एक फर्टिलिटी क्लीनिक ने अपने एक शोध में पाया कि जो जंक फूड ज्यादा खाते हैं उनके स्पर्म की क्वालिटी कमजोर हो सकती है।

**कम से कम ८ घंटे की नींद जरूरी**
एक रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग 6 घंटे से कम नींद की नींद लेते हैं, उन पुरुषों की फर्टिलिटी 31 प्रतिशत तक कम हो सकती है। मतलब अगर आप 6 घंटे से कम सोते हैं तो यह आपके लिए ठीक नहीं है। दिन में कम से कम 7–8 घंटे की नींद जरूरी है।



**हैवी एक्सरसाइजश से बचना चाहिए**
आपको जिम में पसीना बहाना पसंद हो सकता है। लेकिन स्पर्म को कमजोर होने से बचाने के लिए आपको हैवी एक्सरसाइज से बचना चाहिए, क्योंकि इससे बॉडी में ज्यादा हिट जनरेट होता है और इससे पुरुषों की फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचता है।

**गर्म पानी में नहाना तुरंत बंद कर दीजिए**
स्टडी के अनुसार, गर्म पानी में ज्यादा देर नहाने, हॉट टब या स्टिम बाथ लेने से पुरुषों की फर्टिलिटी पर नकारात्मक असर पड़ता है। दावा है कि गर्म पानी से नहाते वक्त टेस्टिकल्स का तापमान बाधित होता और इससे स्पर्म काउंट पर सीधा असर पड़ता है।

**शराब से जितनी जल्दी हो दूरी बना लें**
शराब के कोई कितने भी फायदे बताए, लेकिन एक सच यह है कि इसके कई बुरे परिणाम होते हैं। शराब स्पर्म काउंट और क्वालिटी को भी खराब कर सकती है।



इंग्लैंड की प्लेइंग-11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रिहान अहमद, टॉम हार्टली, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।

## दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड ने किया प्लेइंग-11 का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड टीम ने भारत के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज जीत के साथ किया। हैदराबाद टेस्ट में इंग्लिश टीम ने टीम इंडिया को 28 रन से मात दी और जीत हासिल की। अब दोनों टीमें 2 फरवरी से दूसरा टेस्ट मैच विशाखापट्टनम में खेलने वाली है, जिससे एक दिन पहले इंग्लैंड टीम ने अपनी प्लेइंग–11 का एलान कर दिया है। दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग–11 में दो बदलाव हुए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की वापसी हुई हैं, जबकि युवा स्पिनर शोएब बशीर को डेब्यू करने का मौका मिला है। शोएब को भारत का वीजा मिलने में देरी के कारण पहले टेस्ट से बाहर होना पड़ा था। दरअसल, भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड टीम ने अपनी प्लेइंग–11 का एलान कर दिया है। विशाखापट्टनम में 2 फरवरी से 6 फरवरी के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है, जिससे एक दिन पहले ही इंग्लिश टीम ने अपनी प्लेइंग–11 का एलान किया। इंग्लैंड की प्लेइंग–11 में जेम्स एंडरसन की वापसी हुई है, जबकि युवा स्पिनर शोएब बशीर को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला। दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड ने प्लेइंग–11 में दो बदलाव किए।

# विशाखापत्तनम में हिटमैन बन जाते हैं रोहित शर्मा

क्रिकेट

## आज खेला जाएगा भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विशाखापत्तनम। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला शुक्रवार से शुरू होगा। यह मैच विशाखापत्तनम के डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैदान पर अभी तक भारत ने दो टेस्ट खेले हैं और दोनों में टीम को जीत मिली है। इसमें एक जीत इंग्लैंड के खिलाफ भी है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का यहां रिकॉर्ड भी दमदार है।

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार पारी की शुरुआत इसी मैदान पर की थी। 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह सलामी बल्लेबाजी करने उतरे थे। मैच की पहली पारी में रोहित के बल्ले से 244 गेंदों पर 176 रनों की पारी निकली थी।



फिर दूसरी पारी में उन्होंने 149 गेंद पर 127 रन बनाए थे। दोनों पारियों को मिलकर रोहित ने 13 छक्के मारे थे। यह एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

रोहित शर्मा ने इस मैदान पर आखिरी चार पारियों में तीन शतक लगाए हैं। दो पारी इसमें वनडे की है। 2019 में रोहित ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 159 रनों की पारी खेली थी। इस मैच में रोहित के बल्ले से 22 बाउंड्री निकली थी। इस मैदान पर पिछली चार पारियों में रोहित सिर्फ एक बार फेल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहे। पिछले साल की शुरुआत में यहां हुए वनडे मैच में वह 15 गेंद पर 13 रन बनाकर आउट हो गए थे।

भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में रोहित शर्मा सबसे अनुभवी है। रोहित ने भी करीब 10 साल के टेस्ट करियर में 55 ही मैच खेले हैं। यानी भारतीय टीम एक अनुभवहीन बैटिंग के साथ इस मैच में उतरेगी। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर फॉर्म में भी नहीं हैं। ऐसे में कप्तान पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी रहने वाली है।

# विराट को नेट्स पर बैटिंग करते देखना पसंदः पाटीदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विशाखापत्तनम। एसीए–वीडीसीए स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले भारत के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने कहा कि पैर की निचले हिस्से में लगी चोट से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट कॉल–अप उनके लिए सबसे खुशी का क्षण रहा है। पाटीदार हाल ही में भारत ए़ टीम के साथ थे। पिछले महीने दबाव की स्थिति में पहले चार दिवसीय मैच में 158 गेंदों में 151 रन बनाए थे। विराट कोहली के व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से हटने के बाद उन्हें टेस्ट टीम में बुलाया गया है।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने यूनाइटेड किंगडम में एच्लीस की चोट के कारण सर्जरी के कारण

■टेस्ट टीम में शामिल होना मेरे लिए सबसे खुशी का पल

2023 का अधिकांश समय मैदान से दूर थे। दिसंबर 2023 में पार्ल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करने का मौका मिला। पाटीदार ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में कहा, यह हमेशा कठिन होता है जब कोई खिलाड़ी घायल हो जाता है। मैंने खुद से कहा कि मैं ठीक होने में लगने वाले समय को नहीं बदल सकता। मैंने इस बात को स्वीकार किया। चोट से उबरने के बाद पहली बार टेस्ट टीम में शामिल होना मेरे लिए सबसे खुशी का पल है, क्योंकि भारत के लिए टेस्ट खेलना मेरा पहला सपना था। इंडिया ए के लिए खेलते समय मुझे कॉल आया और कॉल–अप पाकर बहुत अच्छा महसूस हुआ।

30 वर्षीय पाटीदार का घरेलू क्रिकेट में अच्छा रिकॉर्ड है, उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में 45.97 की औसत से 4000 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक शामिल हैं। बुधवार को विशाखापत्तनम में भारतीय टीम के नेट्स पर, पाटीदार को अपने स्वीप शॉट्स का प्रदर्शन करते देखा गया, जिसे इंग्लैंड ने हैदराबाद टेस्ट में 28 रन की जीत में सक्रिय रूप से इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा, मेरी बल्लेबाजी शैली आक्रामक है और मैं अपने घरेलू क्रिकेट के दिनों से ही इसी तरह खेलता आया हूं। अब यह मेरी आदत है। मैं विपक्षी गेंदबाजों के पैटर्न का अध्ययन करता हूं, वे अपना फील्डिंग कैसे करते हैं। मैं देखता हूं कि कैसे रोहित जैसे खिलाड़ी इससे निपटते हैं और मैं विश्लेषण करता हूं और साथ ही उन सभी सीखों को अपने खेल में जोड़ने का प्रयास करता हूं।

## अंगुलियां सुन्न, पैर जाम हो गए, पर नहीं मानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडीलेड। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने वाले पहले भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) बने जब उन्होंने बुधवार को यहां विश्व चौंपियनशिप के जरिए पेरिस खेलों में जगह बनाई। मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के सरवनन ने यहां आईएलसीए–सात विश्व चौंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस खेलों के लिए क्वॉलिफाइ किया। वह पेरिस 2024 खेलों के लिए क्वॉलिफाइ करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी हैं। सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा।

## न्यूज डायरी :



### एक हार ने बदल दिए सारे समीकरण, पूरी ताकत लगानी होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापट्टनम। लगातार दो बार की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनलिस्ट टीम इंडिया इस बार पिछड़ती नजर आ रही है। ओपनिंग सीजन (2019–21) में न्यूजीलैंड और दूसरे सीजन (2021–23) में ऑस्ट्रेलिया से खिताबी मुकाबला हारने के बाद मौजूदा सीजन (2023–25) में तो फाइनल में पहुंचना भी मुश्किल लग रहा है। अब इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैच की टेस्ट सीरीज पर ही रोहित शर्मा एंड कंपनी का भविष्य टिका है। दरअसल, टीम इंडिया पांच मैच में दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ के साथ बांग्लादेश से भी नीचे यानी पांचवें नंबर पर खिसक गई है। भारत के वेस्टइंडीज दौरे से मौजूदा डब्ल्यूटीसी फाइनल साइकिल की शुरुआत हुई। 12 जुलाई 2023 को खेले गए पहले मैच में जीत, अगले टेस्ट में ड्रॉ। बॉक्सिंग–डे टेस्ट में साउथ अफ्रीका से हार और फिर अगले मैच में जीत के बाद इंग्लैंड से हैदराबाद में खेला गया पहला टेस्ट गंवाना टेंशन वाली बात है। दो बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की फाइनलिस्ट भारतीय टीम इस सत्र में शुरुआत में पिछड़ गई है। डब्ल्यूटीसी टेबल में वह पांचवें पर पहुंच गई है और पोजिशन बेहतर करने के लिए उसे लगातार परिणाम हासिल करने होंगे। भारत को इस सत्र (2024–25) के आखिर में (नवंबर 2024 से जनवरी 2025) ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। उससे पहले दो टेस्ट के लिए बांग्लादेश भारत के दौरे पर आएगा। वहीं इस टेस्ट सीरीज के बाद घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

### पाकिस्तान का ऐसा हीरो, जिसे जबरदस्ती दिया संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के लिए विश्व कप जीत चुके शोएब मलिक आज 42 साल के हो गए। भारतीय टेनिस स्टार के पूर्व पति को पाकिस्तान ने जबरिया टीम से बाहर कर रखा है। वह नेशनल टीम में खेलने के लिए आज भी तैयार हैं, लेकिन यह आने वाले वर्षों में संभव नहीं दिख रहा है। हालांकि, शोएब के निजी रिकॉर्ड शानदार हैं और हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान इसके बावजूद उन्हें टीम में नहीं रखना चाहता। शोएब मलिक 90 में डेब्यू करने वाले चुनिंदा खिलाड़ी हैं, जो आज भी प्रोफेशनल क्रिकेट में एक्टिव हैं। उनका करियर लगभग 20 साल का है और ऐसा करने वाले वह दुनिया के 5वें और पाकिस्तान के दूसरे क्रिकेटर हैं। उनसे आगे पाकिस्तान से सिर्फ जावेद मियांदाद (20 साल 272 दिन) हैं। शोएब मलिक 2007 की रनरअप और 2009 की टी–20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे। उनके नाम पाकिस्तान के लिए इस फॉर्मेट के विश्व कप में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 34 मैचों में 646 रन बनाए हैं। इसमें सिर्फ 3 अर्धशतक शामिल हैं। उनके बाद कामरान अकमल (524) का नाम आता है। टी–20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे अधिक कैच लपकने के मामले में शोएब मलिक पाकिस्तान से सबसे आगे हैं। पूर्व कप्तान ने 124 मैचों में 50 कैच लपके हैं, जबकि किसी एक मैच में सबसे अधिक 3 कैच लपकने का रिकॉर्ड दर्ज है।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर को स्किन कैंसर, महिला प्रीमियर लीग से हुई बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल को गर्दन से स्किन कैंसर निकालने के लिए सर्जरी के बाद महिला प्रीमियर लीग 2024 से बाहर होना पड़ा है। चीटल ने पिछले दिसंबर में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने बुधवार को ये सर्जरी करवाई। इस साल का डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से बेंगलुरु में शुरू हो रहा है और तेज गेंदबाज चीटल को पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी के दौरान गुजरात जायंट्स ने खरीदा था। 25 वर्षीय खिलाड़ी का 2021 में भी इसी तरह का इलाज हुआ था। तब उनके पैर में परेशानी हुई थी। वह न्यू साउथ वेल्स के लिए महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के बाकी मैचों से भी बाहर हो जाएंगी। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक बयान में कहा गया है, श्चीटल खिलाड़ियों के निर्धारित ऑफ–सीजन ब्रेक के बाद एनएसडब्ल्यू के साथ ट्रेनिंग में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं। चीटल का करियर चोट से प्रभावित रहा है। उनके दाहिने और बाएं कंधे के साथ ही बाइसेप्स सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने कई चोटों का सामना किया है। गुजरात जायंट्स ने अभी तक चीटल के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है।

पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून




कैबिनेट मंत्री के बड़े भाई का हालचाल जानते हुए सीएम।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश के बीच हरीश रावत ने गांधी पार्क में दिया धरना

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार देने की मांग को लेकर, पूर्व सीएम हरीश रावत ने गुरुवार को बारिश के बावजूद गाधी पार्क में धरना देकर सांकेतिक उपवास किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हरीश रावत गुरुवार 12 बजे समर्थकों के साथ गांधी पार्क पहुंचे जहां उन्होंने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपवास प्रारंभ किया। उनके साथ विस्थापित क्षेत्रों के कई ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उपवास समापन पर हरीश रावत ने कहा कि टिहरी के लोगों के त्याग से ही टिहरी बांध का निर्माण हो पाया।

### सीएम ने कैबिनेट मंत्री के बड़े भाई का हालचाल जाना

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मैक्स हॉस्पिटल पहुंच कर वहां उपचार हेतु भर्ती कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल के बड़े भाई तारा चंद अग्रवाल का हालचाल जाना, उन्होंने अग्रवाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती उत्तराखण्ड पुलिस के सब इंस्पेक्टर मिथुन कुमार का भी हाल चाल जाना तथा उनके भी शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### मार्क्सवादी पार्टी पांच को करेगी विधानसभा कूच

**संवाददाता** देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट घ्पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पांच फरवरी को विधानसभा कूच करेगी। सचिव अनंत आकाश ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों से राज्य की जनता त्रस्त है, सरकार मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बजाय जनता के वास्तविक मुद्दे से हटकर साम्प्रदायिकता फैलाकर जनता को बांटने का काम कर रही है। गरीब, अल्पसंख्यक और समाज के कमजोर वर्ग का उत्पीड़न किया जा रहा है।

### अपोलो अस्पताल में भर्ती 61 वर्षीय ब्रेनडेड मरीज ने बचाई कई जिंदगिया

**संवाददाता** देहरादून । करुणा और उदारता के मार्मिक प्रदर्शन के साथ दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती 61 वर्षीय मरीज के ब्रेनडेड घोषित होने के बाद परिजनों ने उनके अंगदान में दिए। परिजनों से अनुमति मिलने के बाद अस्पताल में विशेषज्ञोंकी टीम ने हृदय, लीवर और किडनी की पुन प्राप्तिकर उन्हें प्रत्यारोपण के लिए दूसरे अस्पतालों में भेजा। जानकारी के अनुसार, उच्च रक्त चाप की समस्या से ग्रस्त 61 वर्षीय मरीज को घातक स्ट्रोक के चलते दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया जहां बीते 30 जनवरी को उन्हें ब्रेनडेड घोषित किया।

# धनोल्टी, औली-मुनस्यारी पर्यटक स्थलों में बर्फबारी

**मौसम**

- उत्तराखंड मौसम पूर्वनुमान में आईएमडी का अलर्ट
- धनोल्टी में सीजन की पहली बर्फबारी, देहरादून में बारिश से ठिठुरन बढ़ी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। मसूरी, धनोल्टी, औली, चकराता, हर्षिल, चोपता आदि पर्यटक स्थलों में जमकर बर्फबारी हुई है। केदारनाथ, गंगोत्री, बदरीनाथ समेत चारों धामों में भी बर्फ गिरी है। पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी के बाद मैदानी शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

नैनीताल के नैनापीक की चोटी में बर्फ की फाहें गिरी। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में 01 फरवरी को भी बारिश और बर्फबारी पर अलर्ट जारी किया है। धनोल्टी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। मसूरी में तड़के से बारिश हो रही है, रात में जमकर ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है।

आसपास की पहाड़ियों पर हल्का हिमपात हुआ है। देहरादून में भी तड़के से रुक रूककर बारिश हो रही है। मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पर्यटक स्थल औली में लगभग 1 फीट और जोशीमठ में 2 इंच बर्फ जमी हुई है और बर्फबारी का सिलसिला अभी भी जारी है।



उत्तरकाशी जिले में जमकर बारिश व बर्फबारी हो रही है। हर्षिल, धराली, सुक्की, नचिकेता ताल, राडी टॉप, चौरंगीखाल, यमुनोत्री, सांकरी, सुक्की टॉप आदि ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी हुई है। जबकि, रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ, चंद्रशिला, चोपता दुग्गलवीटा, कार्तिक स्वामी सहित जनपद के सभी पर्यटक स्थलों पर अच्छी बर्फबारी हुई है। मौसम पूरी तरह पैक है। उच्च हिमालय क्षेत्र में आज भी बर्फबारी हो रही है। चोपता, दुग्गलबिट्टा में करीब डेढ़ फीट बर्फ गिर गई है। हरिद्वार, रुड़की, विकासनगर,रुद्रपुर, काशीपुर आदि मैदानी शहरों में तापमान के गिरने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

पर्यटक स्थल धनोल्टी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। गुरुवार सुबह मसूरी की ऊँची पहाडियों पर भी हल्का हिमपात शुरू हो गया है, जबकि देहरादून में बारिश हो रही है। पर्यटक स्थल धनोल्टी में देर रात को बर्फबारी होने से किसानों के साथ ही होटल व्यवसायो व व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।

इस बारे में स्थानीय व्यापारी देवेंद्र बेलवाल ने बताया कि धनोल्टी में देर रात से ही बर्फ गिरनी शुरू हो गई थी। सुबह तक 2 इंच के करीब बर्फ बारी हो चुकी है वह अभी भी रुक-रुक कर बर्फ गिर रही है। कहा की सीजन की पहली बर्फबारी होने से स्थानीय किसानों ,व्यापारियों व होटल व्यवसायों को इसका लाभ मिलेगा। कहा कि खेती के लिए बर्फबारी संजीवनी साबित होगी। वहीं बर्फबारी की सूचना के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में सुरकंडा धनोल्टी मैं पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद जगी है। वही दूसरी और पर्यटन नगरी मसूरी में देर रात को जमकर ओलावृष्टि होने से कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है।

गुरुवार को सुबह से ही यहां पर बारिश हो रही है। देहरादून में मौसम का मिजाज बदला नजर आया। शहर भर में बधुवार देररात से बारिश का दौर जारी रहा।

### तीन फरवरी की रात एक बार फिर करवट लेगा मौसम

मौसम अब करवट बदलता रहेगा। आज गुरूवार को कई जगह पर बारिश हो रही है। वहीं आज फरवरी को मौसम साफ रहेगा। तीन फरवरी की रात मौसम एक बार फिर करवट लेगा और चार-पांच फरवरी को बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

# सरलीकरण, समाधान, निस्तारण राज्य सरकार का मूल मंत्र: सीएम

**लोकार्पण**

- मुख्यमंत्री ने तीनों विभागों को अपना भवन मिलने पर दी बधाई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटी पार्क देहरादून में लेखा परीक्षा विभाग, रजिस्ट्रार चिट्स फर्म्स एवं सोसायटी तथा अर्थ एवं संख्या के नव निर्मित एकीकृत भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण ब्रिटकुल द्वारा 29.76 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है।



मुख्यमंत्री ने तीनों विभागों को अपना भवन मिलने पर विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सबके प्रयासों से यह भवन जल्द बनकर तैयार हुआ। विभागों को अपना भवन मिलने से कार्यों के संचालन में आ रही कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारण राज्य सरकार का मूल मंत्र है। तीन विभाग एक ही भवन पर संचालित होने से लोगों को आसानी होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि तीनों विभागों को अपना भवन मिलने से विभागों की कार्यक्षमता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से कार्य कर रही है। हर विभाग को लक्ष्य दिया गया कि राज्य और जनहित में कोई महत्वपूर्ण योजना और कार्यों पर कार्य करें, जो प्रदेश की जनता के लिए समर्पित हो। हर विभाग को अपने कार्य व्यवहार में नवाचार लाने होंगे।

वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि तीनों विभागों को अपना भवन मिलने के बाद कार्य करने में सुगमता होगी। इससे विभागीय कार्मिकों में कार्यों के प्रति दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में प्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रयोजन से तीनों विभागों के लिए एकीकृत भवन बनाया गया है, उसका आम आदमी को पूरा लाभ मिलना जरूरी है।

### 2108 जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े किये वितरित

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन पर जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा 21 दिसम्बर 2023 से आज तक लगभग 2108 जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किये गए है, जिनमें महिला, पुरूष तथा बच्चे शामिल है। जिलाधिकारी ने जनमानस से अनुरोध किया कि जिनके पास अतिरिक्त गर्म कपड़े हैं तथा उनका उपयोग नहीं कर रहे है वह स्मार्ट सिटी की बस में रखे बॉक्स में कपड़े भेंट कर सकते हैं यदि कोई टोल फ्री न0 पर 18001802525 पर कॉल करता है तो टीम घर पंहुचकर कपड़े एकत्रित करेगी तथा कलैक्शन सेन्टर से जरूरतमंदो को कपड़े वितरित किए जांएगें। इसके अतिरिक्त स्मार्ट सिटी द्वारा चलाई जा रही इलैक्ट्रिक बस या स्मार्ट सिटी के आफिस सात्विक टावर कौलागढ रोड में भी कपड़े भेंट किए जा सकते हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।